>

Title: Observation regarding numbering of Private Members' Bills.

श्री जय प्रकाश अग्रवाल (उत्तर पूर्व दिल्ली): मुझे खुद मालूम नहीं है।...(व्यवधान) मैंने कई बिल डाल रखे हैं, मुझे क्या पता कि यह कौन सा है?...(व्यवधान) यही तो सबसे बड़ी प्रॉब्लम है।...(व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : माननीय सदस्यगण, मुझे इस सभा को यह सूचित करना है कि कार्य सूची में विधेयकों का संशोधन करने के उद्देश्य का उल्लेख करने के संबंध में श्री जय प्रकाश अग्रवाल, संसद सदस्य के अनुरोध को साध्य नहीं पाया गया है, तथापि यह निर्णय किया गया है कि अब से गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयकों की कार्य-सूची में सभी गैर-सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा विधेयक संख्या का उल्लेख किया जाये, ताकि सदस्य ऐसे विधेयक का उद्देश्य जानने हेतु उनका संदर्भ ले सकें।

अनेक माननीय सदस्य : बहुत अच्छा।

...(व्यवधान)